# परिषदों के लिए संदर्शिका - अपशिष्ट प्रबंधन

एक समाज के रूप में हम काफी मात्रा में अपशिष्ट यानी कचरा उत्पन्न करते हैं जिसे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के जोखिम को कम करने के लिए उचित रूप से प्रबंधित किया जाना चाहिए। परिषद अपशिष्ट निपटान और रीसाइक्लिंग सेवाएं प्रदान करके अपशिष्ट प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाती है। वे नगर पालिका में व्यक्तियों और संगठनों के अपशिष्ट निपटान को भी नियंत्रित करते हैं।

अपशिष्ट सेवाएं और विनियमन प्रदान करने के अलावा, परिषद प्रायः लोगों को जिम्मेदारपूर्ण तरीके से कचरे का निपटान/रीसायकल करने में सहायता करने और प्रोत्साहित करने के लिए सलाह और शिक्षा प्रदान करती है।

अपशिष्ट संग्रह के लिए प्रत्येक परिषद के प्रदर्शन को Compare Councils अनुभाग वेबसाइट पर देखा जा सकता है और इसकी तुलना की जा सकती है। ऐसा करने के लिए, सेवा क्षेत्र आइकन का चयन करें, फिल्टर से अपनी परिषद का चयन करें, फिर सूची से तुलना करने के लिए तीन अतिरिक्त समान परिषदों का चयन करने के लिए चेकबॉक्स का उपयोग करें।

## अपशिष्ट सेवाएं

परिषद अपने समुदायों के लिए कई अपशिष्ट निपटान और रीसाइक्लिंग सेवाएं प्रदान करती है। घरेलू कचरे के संग्रह एवं निपटान जैसी कुछ सेवाएं सभी परिषदों के लिए आम हैं। प्रासंगिक समुदायों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर कई अन्य सेवाएं भिन्न होती हैं।

अपने क्षेत्र में प्रदान की जा रही विशेष अपशिष्ट निपटान और रीसाइक्लिंग सेवाओं के बारे में जानने के लिए अपनी परिषद से संपर्क करें।

परिषदों द्वारा प्रदान की गई विशिष्ट अपशिष्ट सेवाओं में शामिल हो सकती हैं:

- कर्बसाइड संग्रह और सामान्य घरेलू कचरे का निपटान
- ठोस कचरे का संग्रह
- कर्बसाइड रीसाइक्लिंग सेवाएं जिनमें पेपर, कांच, प्लास्टिक और धातु अपशिष्ट उत्पादों को शामिल किया जा सकता है
- कर्बसाइड गार्डन ऑर्गेनिक्स संग्रह सेवाएं या कर्बसाइड फूड (रसोई) ऑर्गेनिक्स और गार्डन ऑर्गेनिक्स सेवाएं
- धातु, रसायन, तेल, ई-अपशिष्ट, कागज, गत्ता, गार्डन ऑर्गेनिक्स या प्रयुक्त प्रिंटर कार्ट्रिज सहित अन्य विशिष्ट प्रकार की वस्तुओं के निपटान और/या रीसाइक्लिंग के लिए ड्रॉप ऑफ
- निपटान और रीसाइक्लिंग सेवाओं के लिए रीसोर्स रीकवरी सेंटर/ट्रांस्फर स्टेशनों का संचालन
- अपशिष्ट निपटान के लिए लैंडफिल का संचालन
- वंचित सामग्री बेचने के लिए री-सेल दुकानों का संचालन
- विशिष्ट परिस्थितियों में वाणिज्यिक अपशिष्ट निष्कासन सेवाएं
- अपशिष्ट, संसाधन प्रतिलाभ और गंदगी के बारे में सामुदायिक शिक्षा सेवाएं
- अपशिष्ट संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए सार्वजनिक रूप से रखे गए डिब्बे का प्रावधान और सर्विसिंग।

VICTORIA State Government | Environment, Land, Water and Planning

जिस तरह से ये सेवाएं प्रदान की जाती हैं, वे क्षेत्र से क्षेत्र में भिन्न हो सकती हैं। जबकि घरेलू कचरा सेवाओं में नियमित रूप से कचरे के डिब्बों को खाली करने का प्रावधान शामिल है, कुछ क्षेत्रों में घरेलू कचरे का निपटान रीसोर्स रीकवरी सेंटर/ट्रांस्फर स्टेशनों में किया जा सकता है। इसी तरह, व्यक्तिगत घरेलू डिब्बों या रीसोर्स रीकवरी सेंटर/ट्रांसफर स्टेशनों या नगर पालिका में डिपो से इकट्ठा करके रीसाइक्लिंग सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं।

कई परिषदों में अपशिष्ट प्रभार रेट्स प्रणाली के भाग के रूप में लगाया जाता है। यह प्रदत्त कचरे के डिब्बे के आकार के अनुसार भिन्न हो सकता है।

## अपशिष्ट का विनियमन

परिषद अपने क्षेत्रों में कचरे के निपटान को नियंत्रित करने स्थानीय कानून बनाती और लागू करती है और साथ ही विक्टोरियाई राज्य कानूनों के तहत कुछ अपशिष्ट गतिविधियों को विनियमित करती है, जिनमें निम्न शामिल हैं:

- एस्बेस्टोस जैसे खतरनाक प्रदूषकों का निपटान
- घरेलू अपशिष्ट जल (सीवेज) प्रणाली
- कचरा
- जलाना और भट्ठी का उपयोग
- परिषद अपशिष्ट निपटान सेवाओं का उचित उपयोग।

अधिक जानकारी के लिए अपनी परिषद या पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (EPA) से परामर्श लें।

- यदि आपको सहायता की ज़रूरत है तो कृपया अनुवाद एवं दुभाषिया संबंधी सहायता के लिए अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service - TIS) से संपर्क करें
- TIS नेशनल से 131 450 पर संपर्क करें (ऑस्ट्रेलिया में) या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ